प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 14.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- जेपीएससी–जेएसएससी परीक्षा विवाद पहुंचा हाईकोर्ट, सीबीआई जांच के लिए जनहित याचिका दायर; आंदोलनकारी छात्र कल रांची में निकालेंगे भव्य तिरंगा यात्रा।
- संसद से खान और खनिज संशोधन विधेयक पास होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी आंदोलन की चेतावनी, भाजपा ने किया पलटवार।
- उत्तराखंड में फंसे झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार गंभीर, मुख्यमंत्री ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर।
- मौसम विभाग ने आज झारखंड के पश्चिमी जिलों में अत्यंत भारी बारिश और वज्रपात की जारी की चेतावनी, रांची में रात से ही रुक–रुक कर हो रही है वर्षा।
- रांची के खेलगांव में राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया जारी, आज बैडमिंटन, जूडो और वॉलीबॉल के ट्रायल्स।

*********************

जेपीएससी परीक्षा विवाद को लेकर रांची में छात्रों का आंदोलन लगातार जारी है। अपनी मांगों को लेकर अड़े प्रदर्शनकारी छात्र कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रांची की सड़कों पर एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालने जा रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों ने 16 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के घेराव की खबरों का खंडन किया है।

*********************

जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित धांधली का मामला अब झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया है। परीक्षाओं की स्वतंत्र जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर प्रार्थी बसंत प्रसाद द्वारा एक जनहित याचिका दाखिल की गई है।

*********************

झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर सीआईडी ने अपनी जांच तेज कर दी है। सीआईडी की टीम ने मामले में वांछित सात अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए रांची, पलामू, बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह जिलों में छापेमारी की है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संसद से पारित खान और खनिज संशोधन विधेयक 2026 की तीखी आलोचना की है। श्री सोरेन ने इसे झारखंड के हितों पर कुठाराघात बताते हुए कहा कि खनिजों पर अतिरिक्त कर लगाने का अधिकार छीनने से राज्य की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होंगी। इस सिलसिले में उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को पत्र लिखा है। श्री सोरेन ने चेतावनी दी है कि यदि यह विधेयक वापस नहीं लिया गया, तो राज्यभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

*********************

इस बीच झामुमो ने इस विधेयक का कड़ा विरोध किया है। पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि इस संशोधन से झारखंड को हजारों करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होगा। श्री पांडेय ने चिंता जताते हुए कहा कि जमीन और खनिज संसाधन राज्य के हैं, लेकिन इस कानून के आर्थिक दुष्परिणाम स्थानीय जनता को भुगतने होंगे।

*********************

इस बीच, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम देश के खनन क्षेत्र में पारदर्शिता लाने और एक समान कर प्रणाली लागू करने के लिए उठाया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी अपनी विफलताओं और जेपीएससी परीक्षा विवाद जैसे गंभीर छात्र आंदोलनों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

उत्तराखंड के चमोली जिले में टनल धंसने के हादसे में झारखंड के खूंटी और गुमला जिलों के श्रमिकों के फंसे होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चिंता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से फोन पर बात कर राहत और बचाव कार्य की जानकारी ली है। उन्होंने विकास के साथ–साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया।

**********************

राज्य में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा विभिन्न जिलों में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। सिमडेगा में जिलाध्यक्ष दीपक पुरी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने बाइक रैली निकालकर वीर शहीदों को नमन किया। वहीं, सरायकेला में भारी बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश देते हुए मुख्य मार्गों पर मार्च किया। उधर खूंटी के कर्रा और लोधमा में पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा की अगुवाई में संयुक्त तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**********************

रांची में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय भूमि संरक्षण कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने अधिकारियों को भूमि एवं जल संरक्षण योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के पश्चिमी भागों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार, आज सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों में मूसलाधार बारिश होने की संभावना है।

**********************

रांची के खेलगांव में 70वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय खुली चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित इस चयन प्रक्रिया के कल खो–खो, बैडमिंटन और कुश्ती सहित सात खेलों में रिकॉर्ड 1 हजार 676 स्कूली खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज बैडमिंटन, जूडो और वॉलीबॉल वर्ग के लिए खुली चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री द्वारा खनन बिल का विरोध किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– मुख्यमंत्री ने चेतायाः झारखंड ऐसा आंदोलन करेगा, जिसे पूरा देश देखेगा।

हिन्दुस्तान ने संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार पर लिखा है– बुंडू की दो बहनों समेत राज्य के तीन सम्मानित।

प्रभात खबर लिखता है– जेपीएससी–जेएसएससी भर्ती घोटालाः आयोग से कॉपी निकलवा लिखवाता था मिथिलेश सिंह, दिल्ली से गिरफ्तार।
दैनिक जागरण के शब्द हैं– चमोली में टनल धंसने से तीन की मौत, झारखंड के पांच घायल।

*********************